
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 197 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**शिक्षा की बेहद चिंताजनक तस्वीर



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 7 नवंबर 2020



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 14.0° | 37244.59 | 2 न्याय की गुहार लगा रहे ट्रंप | 7 यह हमारा बेस्ट प्रदर्शन थाः रोहित शर्मा

## संक्षिप्त समाचार

**16 समाज सेवियों को उत्तराखण्ड रत्न से सम्मानित किया**

**संवाददाता** देहरादून। पर्वतीय विकलांग सेवा संस्थान ने 16 समाज सेवियों को जिन्होंने कोरोना वायरस की रोकथाम मे उत्कृष्ट सहयोग हेतु एवं गरीबों, दिव्यांगों आदि को राशन, सेनिटाइजर, मॉस्क, भोजन आदि प्रदान कर सहयोग प्रदान किया। उन 16 विभूतियों को उत्तराखण्ड रत्न से संस्थान ने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा जरुरतमंदो को 5 व्हील चेयर, ट्राइसिकल, बैसाखी, एवं 25 राशन किट भी वितरित किया।

**उमर खालिद पर यूएपीए के तहत चलेगा केस**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के मामले में गिरफ्तार उमर खालिद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दंगों में आरोपित उमर खालिद पर दिल्ली दंगों के मामलों में अब कोर्ट में केस चलाया जाएगा। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार ने उमर खालिद पर गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत केस चलाने की मंजूरी दे दी है। बता दें कि सितंबर महीने में कई घंटे की लंबी पूछताछ के बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने देर रात उमर खालिद को गिरफ्तार किया था। आरोपित पर दिल्ली दंगों के दौरान शामिल होने के कई खुलासे हुए हैं।

**पंपोर में 2 आतंकियों को सेना ने किया ढेर**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पंपोर। जम्मू-कश्मीर के पंपोर में गुरुवार रात से जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों से 2 आतंकियों मार गिराया है। इसके अलावा यहां मौजूद एक और आतंकी ने सरेंडर कर दिया है। वहीं गोलीबारी के दौरान एक स्थानीय नागरिक की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस, 50 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम की तरफ से ऑपरेशन खत्म हो गया है और इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि पंपोर के लालपोरा इलाके में कुछ आतंकी छिपे हुए हैं।

# एलएसी पर कोई बदलाव मंजूर नहीं

## बॉर्डर पर अपनी हरकतों का खामियाजा भुगत रहा चीनः जनरल रावत

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख से लगी सीमा पर तनाव बरकरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वास्तविक नियंत्रण रेखा(एलएसी) के पास पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत और चीन के बीच जारी गतिरोध को लेकर दोनों देशों के बीच आज भारतीय क्षेत्र में चुशुल में आठवीं बार वार्ता हो रही है। एक तरफ जहां दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है तो दूसरी ओर भारत के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ(सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने चीन को कड़ी चेतावनी दी है।

सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने कहा है कि भारत, एलएसी में कोई बदलाव स्वीकार नहीं करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सीमा पर तनाव की स्थिति बरकरार है और आगे चीन के साथ संघर्ष बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

एक वर्चुअल संगोष्ठी में दिए गए अपने एक संबोधन में जनरल रावत ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। जनरल रावत ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को लद्दाख में उसके दुस्साहस के लिए अप्रत्याशित परिणामों का सामना करना पड़ रहा है ।उन्होंने कहा कि भारतीय जवान, चीन के सैनिकों को मजबूती से जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम वास्तविक नियंत्रण रेखा(एलएसी) में किसी भी तरह की फेरबदल को स्वीकार नहीं करेंगे।

सीमा पर वर्तमान हालात के बारे में बात करते हुए सीडीएस

### संघर्ष बड़ा होने की आशंका से इनकार नहीं

रावत ने कहा कि सीमा पर झड़पों और बिना उकसावे के सैन्य कारवाई के बड़े संघर्ष में तब्दील होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सीडीएस के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के लगातार छद्म युद्ध और भारत के खिलाफ दुष्ट बयानबाजी के कारण भारत और पाकिस्तान के संबंध और भी खराब हो गए हैं।



### कई राउंड बातचीत के बावजूद कोई हल नहीं

पूर्वी लद्दाख में हाड़ जमा देने वाली ठंड में भारत के लगभग 50,000 सैनिक किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्वतीय ऊंचाइयों पर तैनात हैं। छह महीने से चले आ रहे इस गतिरोध को लेकर दोनों देशों के बीच पूर्व में हुई कई दौर की बातचीत का अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।

जनरल बिपिन रावत ने कहा कि चीन के साथ सीमा पर टकराव, परिवर्तन और अकारण सामरिक सैन्य कार्रवाई से एक बड़े संघर्ष की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद और उससे भारतीय सेना द्वारा जिस तरह से निपटा है। उस मुद्दे पर भी जनरल रावत ने सुरक्षा चुनौतियों का जिक्र करते हुए जनरल रावत ने कहा कि दो परमाणु हथियारबंद पड़ोसियों (पाकिस्तान और चीन) के बीच निरंतर संघर्ष से क्षेत्रीय सामरिक अस्थिरता का खतरा बढ़ जाता है। जनरल रावत ने कहा कि उरी हमले और बालाकोट हवाई हमलों के बाद सर्जिकल स्ट्राइक ने एक मजबूत संदेश दिया है कि पाकिस्तान अब एलओसी के पार आतंकियों को भारत में भेजने की कोशिश नहीं करता है।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने के लिए नए भारतीय खाके ने पाकिस्तान के एजेंडे को फेल कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद का मजबूती से सामना करना जानता है।

# दिल्ली-एनसीआर में बेलगाम प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## केंद्र से उपाय करने कहा, दिवाली बाद अगली सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर की हवा लगातार जानलेवा होती जा रही है। इसको लेकर तमाम दावे और फैसले लिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई सकारात्मक असर होता नजर नहीं आ रहा है। हर साल दिवाली से पहले सांस लेना भारी हो जाता है।

शुक्रवार को भी दिल्ली-एनसीआर में जहरीली हवा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बनाया गया आयोग आज से ही काम शुरू कर देगा। इसपर शीर्ष अदालत के सख्त लहजे में कहा कि ये सुनिश्चित किया जाए कि दिल्ली को स्मॉग से मुक्ति मिले। अदालत अब वायु प्रदूषण के

### केंद्र सरकार कानून लाएगी

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वायु प्रदूषण और पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार कानून लाएगी। हालांकि, कानून लाया गया और तुरंत लागू भी कर दिया गया, लेकिन फिलहाल उसका कोई पॉजिटिव असर नहीं देखा गया है।

मामले में दिवाली की छुट्टी के बाद सुनवाई करेगी। सॉलिसिटर जनरल द्वारा बताया गया कि प्रदूषण पर लगाम के लिए घोषित आयोग के सदस्यों के नाम तय कर दिए गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बनाए गए आयोग के पदाधिकारियों के नाम जारी किए गए हैं। इसमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पूर्व सचिव डड कुट्टी को आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान और पंजाब के अधिकारी भी इसमें अपनी सेवा देंगे।

ज्ञात हो, हाल ही में गत 16 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के ही सेवानिवृत्त न्यायाधीश मदन बी. लोकूर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय कमेटी का गठन किया था जो कि वायु प्रदूषण कम करने और पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा पंजाब की सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों की निगरानी करती।

# अर्नब गोस्वामी मामले पर महाराष्ट्र सरकार को बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अर्नब गोस्वामी मामले पर महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषाधिकार हनन मामले में अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने विधानसभा सचिव को नोटिस भी जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पूछा कि रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी की याचिका के संबंध में महाराष्ट्र विधानसभा सचिव के खिलाफ अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी क्यों नहीं किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता अर्नब गोस्वामी को उनके मामले के खिलाफ जारी विशेषाधिकार नोटिस में सुनवाई तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा सचिव ने महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे की आलोचना के लिए अर्नब के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस जारी

### राहत

■सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

किया था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि कोई इस तरह से कैसे डरा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम इस तरह के आचरण की सराहना नहीं करते हैं।

मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे और जस्टिस एएस बोपन्ना और वी रामासुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार की यह कार्रवाई याचिकाकर्ता को डराने के लिए की गई है, क्योंकि उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया और ऐसा करने के लिए दंड देने की धमकी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार अर्नब गोस्वामी द्वारा महाराष्ट्र विधान सभा द्वारा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले से संबंधित रिपोर्ट के लिए विशेषाधिकार प्रस्ताव के उल्लंघन के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ सुनवाई कर रही थी।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# इस्लामिक आतंकवादियों की नर्सरी बना फ्रांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने चेतावनी दी है कि देश में कई जगहों पर आतंकवादियों की नर्सरी चल रही है। मैक्रों ने दावा किया कि आतंकवादियों की नर्सरी में बच्चों को इस्लामिक तौर तरीकों से फ्रांसीसी मूल्यों के प्रति घृणा करना सिखाया जाता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इस्लामिक अलगाववादश का मुद्दा

### सिखा रहे अपने ही देश से नफरतः इमैनुअल मैक्रों

ऐसे समय पर उठाया है जब पूरा देश पिछले दिनों हुए आतंकी हमलों से गुस्से में है।

मैक्रों ने कहा कि इस्लाम के विकृत रूप के नाम पर नफरत फैलाने वाले बयानों से फ्रांस के शिक्षक सैमुअल पैटी की गला काटकर हत्या की गई। इस निर्मम हत्याकांड को अंजाम देने वाले चेचेनिया के नागरिक को बाद में पुलिस ने मार गिराया था।

मैक्रों ने कहा कि मुस्लिम बच्चे ऑनलाइन कट्टरपंथी इस्लाम की शिक्षा के शिकार बन रहे हैं। इन बच्चों को देश के कानूनों नहीं मानने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्हें देश के कानूनों को नहीं मानने का आह्वान कर रहे हैं।